नवोदय टाइम्स
नई दिल्ली
NAVODAYA TIMES, New Delhi
ABC से प्रमाणित 1,46,688 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जुलाई-दिसम्बर 2019)
रविवार, 25 अक्तूबर, 2020 • तदनुसार 9 कार्तिक, विक्रमी सम्वत 2077 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 18° | वर्ष 8, अंक 81 | पृष्ठ 14+4 | मूल्य ₹ 4/-

{विजयादशमी की शुभकामनाएं}
विजय हासिल करनी है कोरोना पर

गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन

नोएडा, 24 अक्तूबर (नवोदय टाइम्स): यमुना एक्सप्रेसवे स्थित गौड़ यमुना सिटी में शनिवार को गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। गौड़ ग्रुप द्वारा यह स्कूल का दूसरी ब्रांच है। अभी इस स्कूल में नर्सरी से लेकर पांचवी कक्षा तक शुरू होगा और जल्द ही छठीं, सातवीं और आठवीं कक्षा की भी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। वहीं शाम की शिफ्ट में गरीब वर्ग की लड़कियों को मुफ्त में शिक्षा दी जाएगी। उद्घाटन के मौके पर जेवर विधायक ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है। जेवर क्षेत्र का आने वाले समय में कायाकल्प होने जा रहा है। एयरपोर्ट से लेकर विदेशी निवेश के जरिए बड़ी बड़ी कंपनियां व फिल्म सिटी बनने जा रही है। ऐसे में इन कंपनियों में रोजगार पाने वाले और उनके परिवार के बच्चों को अन्तर्राष्ट्रीय मानक के मुताबिक शिक्षा देने के लिए गौड़ इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना राह आसान करेगी।

गौड़ यमुना सिटी में गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन अवसर पर मौजूद अतिथि गण।